आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 04.11.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों के परिणामस्वरूप टी.बी. के मामलों में कमी आई है।
- समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी–सारा की ओर से दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- पर्यटन निदेशालय की ओर से आज पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत होगी।
- श्री विजयपुरम में आज से सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों के परिणामस्वरूप टीबी के मामलों में कमी आई है। श्री मोदी ने देश की प्रगति की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में वर्ष दो हजार पन्द्रह से दो हजार तेईस तक टीबी के मामलों में सत्रह दशमलव सात प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह दर विश्व स्तर पर आठ दशमलव तीन प्रतिशत की कमी की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए कहा कि टीबी की रोकथाम और नियंत्रण भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए निक्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहल कर राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार कर उसे सुदृढ़ किया है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हाल ही में कदमतला के जिला टीबी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति ने स्पाइक आइलैंड का दौरा किया। दौरे के दौरान इस क्षेत्र में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह के लिए टीबी की पहचान करने के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के भीतर तपेदिक के किसी भी संभावित मामले की पहचान करना था। इसमें एक सौ बाईस लोगों की जांच की गई, जिनमें से छः लोगों की थूक की जांच की गई। इस अवसर पर ज़िला टीबी अधिकारी डॉ. प्रबीर कुमार पालित, चिकित्सा

अधिकारी डॉ. लस्टिन, आदिवासी कल्याण अधिकारी, एएनएम और अन्य कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस दौरान चिकित्सा जांच के अलावा, दल ने आदिवासियों और आदिम जनजाति विकास समिति के कर्मचारियों के साथ बैठक भी आयोजित की। इस पहल का उद्देश्य टीबी के जल्द और समय पर उपचार को बढ़ावा देना और समुदाय तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को इस सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी–सारा की ओर से हाल ही में बुनियादाबाद के सामुदायिक भवन में दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी की कार्यक्रम अधिकारी टी. धर्मिला ने दत्तक ग्रहण से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं पर जानकारी दी। उन्होंने बड़े बच्चों को गोद लेने पर भी ध्यान केंद्रित किया। एजेंसी के कार्यक्रम प्रबंधक जी. कोटेश्वर राव ने दत्तक ग्रहण पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को कहा और नए मान्यताप्राप्त दत्तक ग्रहण एजेंसियों के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य सेविका सुप्रोवा ने गोद लेने में लोगों को आ रही समस्याओं पर चर्चा की। एजेंसी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से गोद लेने के इच्छुक माता–पिता को प्रोत्साहित करने का भी अनुरोध किया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसी क्रम में, श्री विजयपुरम को फिर से दूसरे चरण के लिए आयोजित होने वाले कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए पचास पर्यटन स्थलों में चुना गया है। दूसरे चरण की शुरूआत आज आपदा प्रबंधन विभाग के सम्मेलन कक्ष में सुबह ग्यारह बजे होगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से एशिया के सबसे खूबसूरत समुद्र तटों में से एक प्रतिष्ठित राधानगर बीच पर शतरंज प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वराज द्वीप के एसडीपीओ फिरोज आलम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने औपचारिक रूप से चेस की पहली चाल चलकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया और उनसे खेल का आनंद लेने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में पहली बार स्वराज द्वीप के तटों पर शतरंज खेला गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र, स्थानीय शतरंज खिलाड़ी और उत्सुक पर्यटक शामिल हुए, जो समुद्र तट पर शतरंज खेले जाने के दृ

श्य से मंत्रमुग्ध हुए। शतरंज प्रशिक्षक बी. नीलाय्या ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया, उन्होंने एक साथ कई युवा प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिससे यह खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया उन्होंने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया और उनसे खेल का आनंद लेने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आज से अट्ठारह तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

जॉलीबॉय द्वीप सोलह नवम्बर से पुनः खुलने जा रहा है। इस द्वीप में प्रतिदिन करीब चार सौ लोग आ–जा सकते हैं। पर्यटक भी इस द्वीप का आनन्द उठाते हैं, जहां खूबसूरत मूंगे आकर्षण का केन्द्र है। इस द्वीप में नेचर ट्रेल भी स्थापित किया गया है। एक दशमलव सात किलोमीटर के इस नेचर ट्रेल में सेल्फी प्वाइंट भी है, जहां लोग सेल्फी ले सकते हैं। कई किस्म के वृक्ष भी है, जो पर्यटकों को काफी आकर्षित करेंगे। इस द्वीप के खुल जाने से पारि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस द्वीप में कई सूचनाप्रद संकेतों के साथ बैठने और पारि–मैत्री झोपड़ियां आदि भी उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के लिए सरकार की ओर से छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए उम्मीदवार जिनके अभिभावकों की वार्षिक आमदनी किसी स्त्रोत से सलाना ढाई लाख से अधिक नहीं है, वे इक्कतीस दिसम्बर तक आवेदन फार्म जमा कर सकते है। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के लिए भी उम्मीदवार इक्कतीस दिसम्बर तक और अतिरिक्त छात्रवृत्ति योजना के लिए इक्कतीस दिसम्बर तक ही उम्मीदवार आवेदन जमा कर सकते हैं। उम्मीदवारों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन जमा करने होंगे। इसके लिए सभी स्कूल और कॉलेजों में सहायता के लिए एक समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। सभी पात्र अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से यू.टी प्रशासन और भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही वित्तीय सहयोग का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में विभिन्न ट्रेडों में अल्पावधि कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। सिलाई, कम्प्यूटर और शॉर्ट हैंड इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए कॉलेज की ओर से विशेषज्ञ प्रशिक्षुओं की

नियुक्ति की जाएगी, जो उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान कर सके। ऐसे प्रशिक्षकों के लिए मानदेय भी निर्धारित किया गया है। कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयु सीमा चालीस वर्ष निर्धारित की गई है और चयनित इंस्ट्रक्टर को तीस हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा। टेलरिंग और शॉर्ट हैंड इंस्ट्रक्टर के लिए भी आयु सीमा चालीस वर्ष होगी और इन्हें पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का मानदेय मिलेगा। आवेदन फार्म कॉलेज और प्रशासन की वेबसाइट से डाउनलोड कर इसे बीस नवम्बर की शाम चार बजे तक कॉलेज में जमा करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार पुलिस के चौहत्तरवें बैच के भर्ती कांस्टेबलों का फायरिंग अभ्यास प्रातरापुर के पुलिस फायरिंग रेंज में आज से नौ नवम्बर तक किया जाएगा। अभ्यास शाम चार बजे तक चलेगा। संबंधित क्षेत्र के लोगों से फायरिंग के दौरान खुद को और अपने पालतू जानवरों को फायरिंग रेंज से दूर रखने का अनुरोध किया गया है।

**<><><><><><><>**